Publication	Virat Vaibhav	Date	6-8-2017	Page No.	02
Client Name	Kamdhenu	Edition	Jaipur		

राजस्थान में कामधेनू नेक्स्ट का शुभारम्भ

जयपुर। इमारतों की लिए निर्माण सामग्री की सम्पूर्ण रेंज बनाने वाली कम्पनी कामधेनू लिमिटेड ने राजस्थान में नेक्स्ट जनरेशन इंटरलॉक स्टील टीएमटी बार कामधेनू नेक्स्ट का शुभारम्भ किया है। कामधेनू लिमिटेड के डायरेक्टर सुनील अग्रवाल व कंपनी के वरिष्ठ जनरल मैनेजर मार्केटिंग दलीप मेहरा ने इस नए उत्पाद को पेश किया। मैसर्स अमर प्रताप स्टील प्राइवेट लिमिटेड, मैसर्स लक्ष्मण वीर स्टील्स प्राइवेट लिमिटेड व मैसर्स प्रेम जैन इस्पात उद्योग के निदेशकों के साथ राजस्थान के 300 से ज्यादा डीलर इस मौके पर मौजूद थे। कामधेनू नेक्स्ट एक अत्याधुनिक उत्पाद है, जो 25 गुना मजबूत कॉन्क्रीट-स्टील इंटरलॉक बनाता है और इस वजह से यह आधुनिक व स्मार्ट निर्माणकला और अवधारणाओं के लिए सर्वोत्तम है। इस लॉन्च के मौके पर कामधेनू लिमिटेड के डायरेक्टर सुनील अग्रवाल ने कहा कि ग्राहकों को तकनीकी रूप से उन्नत उत्पादों बनाना सदैव हमारा ध्येय रहता है, इसी कड़ी में कामधेनू एनएक्सटी को लॉन्च कर हम बहुत खुश हैं। हमें गर्व है कि हमारा नया उत्पाद कामधेनू नेक्स्ट यहां बनने वाली इमारतों को सुरक्षा की पक्की गारंटी देगा। कॉन्क्रीट के साथ मजबूती से जुड़ने वाली कामधेनू नेक्स्ट न केवल तकनीकी के लिहाज से आधुनिक है, बल्कि किफायती भी है।